# बिहार खेल प्रतिभा खोज प्रतियोगिता

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में बिहार के मुख्यमंत्री ने पटना के पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में मशाल प्रज्वलित कर **खेल जगत की सबसे बड़ी प्रतिभा खोज प्रतियोगिता' बिहार खेल प्रतिभा खोज प्रतियोगिता' का शुभारंभ किया।**

## मुख्य बिंदु

- **भागीदारी और दायरा:**
  - इसमें 40,000 **सरकारी** माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक **विद्यालयों के** लगभग **60 लाख बच्चे भाग लेंगे।**
  - प्रतियोगिता में **बाहरी स्कूलों के बच्चों को भी भाग लेने का मौका मिलेगा।**
  - कुल **पुरस्कार राशि 10 करोड़ रुपए निर्धारित की गई है।**
- **खेल पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देना:**
  - **इसका उद्देश्य बिहार में** खेल संस्कृति का दृढ़ निर्माण करना है।
  - यह राजगीर में आयोजित महिला एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी हॉकी की सफलता पर आधारित है, जहाँ भारत ने अपना खिताब बनाए रखा।
  - **इसे भविष्य की खेल प्रतिभाओं को पोषित करने की दिशा में** एक कदम के रूप में डिज़ाइन किया गया है।
- **ओलंपिक आकांक्षाएँ:**
  - दीर्घकालिक लक्ष्यों में से एक **वर्ष 2032 और 2036** ओलंपिक खेलों **के लिये संभावित पदक दावेदारों की पहचान करना और उन्हें तैयार करना है।**
- **प्रतियोगिता:**
  - प्रतिभागी तीन चरणों, **ब्लॉक, ज़िला और राज्य स्तर पर प्रतिस्पर्द्धा करेंगे।**
  - प्रतियोगिता में प्रमुख खेलों में **एथलेटिक्स, कबड्डी, फुटबॉल, वॉलीबॉल शामिल हैं।**
  - विजेताओं को मान्यता एवं प्रोत्साहन पैकेज के भाग के रूप में **खेल किट और प्रमाण-पत्र प्रदान किये जाएँगे ।**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/bihar-khel-pratibha-khoj-pratiyogita